THE

# PARLIAMENTARY DEBATES

# OFFICIAL REPORT

IN THE J BVENTY-FIFTH SESSION OF THE RAJYA SABHA

*Commencing on the 23rd March,* 1971/ *the 2nd Chaitra,* 1893 *(Saka)*

## RAJYA SABHA

*Tuesday, the 2rd March,* 1971 (he *2nd Chaitra,* 1893 *(JSaka)*

The House net at twenty minutes past twelve of the Clock, MR. CHAIRMAN in the Chair

**MEMBERS SWORN**

SHRIMATI PRATIBHA SINGH (Bihar)

SHRI SHIV SWAROOP SINGH (Uttar Prades )

**PRESIDENTS ADDRESS**

SECRETARY: Sir, I beg to lay on the Table a copy of the President's Address to both the Houses of Parliament assembled together or the 23rd March 1971.

*(Text of the Pre 'dent's Address in I•*

Members of Parliament, it gives me pleasure to address this Joint Session of the Fifth Parliament of our Republic and summon you U new endeavours.

The General Election has once again demonstrated that durable political power in a democracy lias only one source—the people. It has proved the people's confidence in ther selves and their faith in I he processes of democracy.

Our people have made their choice. They have asserted their sovereignty through the ballot box. And theirs is a massive mandate for change, peaceful change that must swiftly and visibly alter the picture of poverty and alienation in our land.

We have begun this work. But now we have to address ourselves afresh to evolving perspectives, policies and practices even more closely and concretely related to the needs of our people and our times.

My Government have been returned to office on the clear pledge that the central objective of our policy must be the abolition of poverty. To achieve this, my Government are firmly committed to implementing the economic and social transformation outlined in the manifesto which has received such overwhelming support of the electorate.

The Government will soon frame specific policies and programmes arising out of the mandate of the electorate. A midterm appraisal of the Fourth Plan w ill be made. This appraisal will enable us to review and reorient the plan in order to increase the pace and effective use of investment in the economy. As part of | this exercise, Government will also identify

the specific directions in which developmental programmes could be further reinforced in a determined effort to deal with the problem of unemployment. The Crash Scheme for Rural Employment which is to be implemented from the commencement of the next financial year will form the nucleus of a comprehensive pro' gramme for the expansion of employment. This programme will be linked to schemes for raising the productivity of agriculture. The construction and renovation of minor irrigation sources and the provision of basic amenities such as drinking water supply and link roads will form part of this programme. The problem of the educated unemployed will receive special attention.

My Government are convinced that land reforms are vital for the promotion of an egalitarian social order and for maximising agricultural production. In recent months, various issues relating to land reforms have received special attention of my Government. A Central Land Reforms Committee under the chariman-ship of the Union Minister of Food and Agriculture has been set up. As a result of the lead provided by the Government of India, States in which intermediary tenures have not been completely abolished have taken steps to do so. Further legislation has been introduced in some Slates to give security of tenure, to reduce rents and ceilings and to restricts exemptions.

While recognising that land reforms come within the legislative competence of the States, my Government will continue to press the State Governments for further action in promoting a more equitable agrarian structure. Simultaneously the Government will persue the objective of imposing a ceiling on urban property.

Extension of credit facilities for productive purposes to areas and classes hitherto neglected is one of the important objectives of my Government. A comprehensive credit guarantee scheme has been launched recently. A Credit Guarantee Corporation has been set up under the auspices of the Reserve Bank of India. As from 1st April, 1971, small loans given by commercial and cooperative bank offices will be eligible for guarantee by the Corporation to the extent of about 75% of the loans advanced. The increasing attention paid by the banks to the genuine needs of productive enterprises, including those of agriculturists whose main resort earlier was to money-lenders, is one of the striking new developments which have served to concretise the benefits of nationalisation for the small man.

Government also attach high priority to the extension of electricity to rural areas and, in particular, to the utilisation of electricity for lift irrigation. The implementation of rural electrification programmes has been appreciably accelerated. 2.66 lakh pumpsets were energised in the first year of the Plan and this tempo has been stepped up in the current year. The Rural Electrification Corporation has begun well with the sanction of schemes of the value of about Rs. 70 crores. This programme will be pursued with increasing vigour.

My Government are keenly aware of the intolerable living conditions of the urban poor. The clearance and improvement of slums and rehabilitation of slum dwellers will figure prominently in the agenda of economic and social reforms which my Government have in view and larger resources will be canalised for this purpose. The Housing and Urban Development Finance Corporation has been set up recently and will become an important agency for the augmentation of housing facilities in metropolitan centres and urban areas.

Simultaneously, efforts to improve rural housing conditions will be given fuller consideration. The aim is to allot building sites to landless workers on a larger

scale, to I gislate for the conferment of homestead lights and to assist in the construction of decent, liveable houses for the rural population. This will necessarily have to be joint programme of the State and Centra Governments.

My Gove ninent also propose to:—

(a) appcnt task forces to remove obstacles that come in the way of the speedy in plementation of investment programrmI in the public and private sectors of our industry and to step up the rate of industrial production;

(b) exten I the new technology in agriculture .i dry farming, to new crops and to new areas which have not been covered so ar. Research and extension programmes for a faster growth in the output of friores and oilseeds which are articles of mass consumption will be intensified;

(c) consult leaders of trade unions and managements in order to evolve sound indust ial relations and to secure increased pi )ductivity consistent with a fair deal for labour. Improvement in industrial relations is as vital as capital and technoloj. ' lor increasing output;

(d) accelera .; changes in the structure and functiot ng of administrative apparatus, ex xdite decision making, ensure effectiv delegation of powers and responsibilities and streamline financial procedures; an I

(e) devote special attention to building up a well-equ pped managerial cadre for the public a d private sectors.

The economy jcorded growth almost at the planned ra e in 1969-70, and it is likely to repeat t lis performance in the current year. V good harvest the fourth year in ! iccession is expected, raising the foodgra \ output to 105 million tonnes—5.5 million tonnes more than last year. The wheat revolution is by now an accomplished act. Our agricultural scientists have released a number of higher yielding varieties of rice. The response of farmers to the new technology is limited only by our capacity to reach them effectively.

However, the improvement in the food situation will at best be a reprieve. The results of the new Census will be a grave reminder that the Family Planning Programme has to be pushed forward with much greater vigour. This programme can only be fulfilled if it becomes a movement. The small family must speedily become the accepted social norm. Indeed family planning should be regarded as a vital element in the gigantic task of social transformation that lies ahead.

While the general outlook for the economy is hopeful, my Government are aware that the level of prices in recent months has caused some concern. The wholesale price index is now approximately 3.4 % higher than the level about a year ago. But it is important to note that amidst this pressure on prices the foodgrain prices have declined by about 6.5%. The Government have therefore sought to keep the rise in prices in check by arranging larger imports of commodities in short supply while taking steps to increase their internal production.

My Goverenmnt intend to draw up and execute a National Plan for the application of Science and Technology to development. This plan will be intimately related to and indeed largely derived from our socio-economic plan. An important feature of such a plan will be the preparation of detailed programmes in a few high priority areas of national endeavour in which science and technology play an important part.

The Government have set up an Electronics Commission to ensure balanced development of the electronics industry. The

Commission will concern itself with research, development and industrial operations in the field of electronics.

My Government are anxious that rapid economic development should not lead to the pollution of air, water and soil. There should be rational management of our natural resources taking care not to upset the ecological balance in nature.

The persistence of communal tension in some parts of the country and the occasional flaring up of violence constitute a threat to our secularism and democracy and to the basic values of civilised life which we cherish. The Government are determined to overcome this danger. This problem needs to be treated as national task to ensure national survival.

In the recent past, violence ha;, grown in West Bengal. The murder of Shri Hemanta Kumar Basu, one of our oldest and most dedicated colleagues in the freedom movement, and of other political workers has shocked us all. Nevertheless the conduct and results of the recent elections in West-Bengal clearly indicate a reaffirmation by the people of their faith in democracy.

- My Government reiterate their unqualified determination to root out lawlessness and to eliminate the "politics" of murder and assault. Simultaneously my Government intend to accelerate the programme for the improvement of Greater Calcutta with the help of public and private investment. The Calcutta Metropolitan Development Authority has begun its work. The Industrial Reconstruction Corporation is about to be launched. Othei development works are also being undertaken *in* West Bengal.

The West Bengal Land Reforms (Amendment) Act was passed in July 1970 whereby the Bargadar's share of the crop increased and his right to cultivate land made secure and heritable. A Presidential Act has been enacted recently to reduce the ceiling and fix it in terms of the family as a unit.

You are aware that orders for the derecognition of the Rulers of former Indian States were declared inoperative by a majority judgement of the Supreme Court. However, Government's resolve to abolish by appropriate constitutional measures the Privy purses and privileges of Rulers remains unaltered.

Hope and despair continue to co-exist in the larger world around us. There has been a relaxation of tensions between Western and Eastern Europe. We welcome the signing of the agreement between the Federal Republic of Germany and the Governments of the U.S.S.R, and Poland. But the situation in South-East Asia and West Asia has worsened.

The situation in Indo-China has deteriorated further. Ever widening areas are engulfed in war embracing Cambodia and Laos. This is inconsistent with the interests of peace. We have urged restraint and pressed our view that the only solution lies in a peaceful and negotiated settlement within the broad framework of the Geneva Accord. It is our belief that the best solution will be an international Agreement or Convention, signed by all the Great Powers and others interested in the region.

There is uneasy truce in West Asia. My Government hope that positive response would be made to the series of initiatives recently taken by the U.A.R. showing its earnest desire to implement the Resolution of the Security Council of November 22, 1967.

We are concerned at the setting up of military bases by outside powers in the Indian Ocean and the proposed sale of arms to South Africa. As mentioned in the Lusaka Declaration, we should like

the Indian C .'can area to be a zone of peace, free from military confrontation and the rivalress of Great Powers.

The attitude of the Government of Pakistan during the recent hajacking of an Indian Air lines plane and its eventual destruction was deeply resented by the Government nd the people of India. Friendship an 1 understanding which we seek cannot 15 achieved by such provocations.

My Government will stead fastly pursue its policy of ion-alignment. It raise its voice whenever peace is threatened, whenever the indepe idence of sovereign nations is eroded. It .stands firmly against colonialism whethe; in its old shape or in any new guise.

Your present session will be a short one confined to th I transaction of essential financial and budgetary business. You will be meeting again shortly *to* consider further busines . A statement of the estimated receipts and expenditure of the Government of India for the financial year 1 71-72 will be laid before you. Bills will also be introduced for replacing the State of Himachal Pradesh (Amendment) Ordinance, 1971, and th[e] Labour Provide it Fund Laws (Amendment) Ordinence 1971. A Bill for continuing the Imports and Exports (Control) Act, 1947 will also be introduced in the current session of Parliament.

Honourable Members, the people of India have given their verdict in unmistakeable terms. With that verdict the period of politica uncertainty and of the politics of man >euvre ends. After the din of the electii *a* battle, we must bend ourselves to the services of our people. We can take price that political democracy and parliamentao institutions have grown and have taken deep roots in the hearts and minds of mi people. We must serve the cause of democracy by respecting the will of the people.

The massive majority given to my Government is only the first step on the long and difficult road ahead. To achieve victory in the war against poverty and social injustice requires the sustained and dedicated efforts of the millions of our people. I am confident that Members of Parliament and the people of India, as a whole will respond, in abundant measure, to the challenge of our times.

संसद् सदस्यगण, भारतीय गणराज्य की पांचवीं संसद् के संयुक्त सत्र में आपके सम्मुख भाषण करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। इस अवसर पर मैं देश की उन्नति के नए प्रयासों में लग जाने के लिए आपका आह्वान करता हूं।

आम चुनाव ने एक बार फिर दिखा दिया है कि लोकतंत्र में स्थायी राजनीतिक शक्ति का एकमात्र स्रोत जनता है। चुनाव से यह सिद्ध हो गया है कि लोगों को अपने पर और लोकतंत्र की प्रक्रिया पर कितना भरोसा है।

हमारे देशवासियों ने अपना निर्णय ले लिया है। मतदान द्वारा उन्होंने अपनी प्रभुसत्ता दृढ़ता से व्यक्त की है। उन्होंने परिवर्तन के लिए बहुत प्रभावशाली निदेश दिया है—ऐसे शान्तिपूर्ण परिवर्तन का जिससे तेजी के साथ देश की ग़रीबी और समाज के कुछ वर्गों की अलगाव की भावना शीघ्र दूर हो और सब को इसका प्रत्यक्ष आभास हो।

हमने कार्य आरंभ कर दिया है। लेकिन, अब हमें एक बार फिर अपने युग की आवश्यकताओं और देश वासियों की आकांक्षाओं के अनुरूप नए दृष्टिकोण विकसित करने हैं, नई नीतियां निर्धारित करनी है, नई रीति अपनानी है।

ग़रीबी दूर करने की नीति को अपना मुख्य उद्देश्य बनाने की स्पष्ट प्रतिज्ञा के आधार पर ही मेरी सरकार फिर से सत्तारूढ़ हुई है। अब इस ध्येय की प्राप्ति के लिए मेरी सरकार उस घोषणा-पत्र में उल्लिखित आर्थिक व सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए कटिबद्ध है जिसे मतदाताओं का भरपूर समर्थन मिला है।

शीघ्र ही सरकार मतदाताओं के निदेश पर आधारित नीतियां और कार्यक्रम बनाएगी। चौथी योजना का मध्यावधि मूल्यांकन किया जायेगा। इस समीक्षा से यह जानकारी संभव हो सकेगी कि योजना को क्या नया रूप दिया जावे जिससे कि अर्थ-व्यवस्था में पूंजी-विनियोजन की गति बढ़ सके और उसका प्रभावकारी उपयोग किया जा सके। साथ ही साथ सरकार यह भी निश्चित कर सकेगी कि विकास कार्यक्रमों को किस प्रकार सुदृढ़ किया जाए जिससे बेरोजगारी की समस्या हल करने में ठोस सहायता मिले। रोजगार बढ़ाने में व्यापक कार्यक्रम का केन्द्र बिन्दु गांव में रोजगार दिलाने का वह कार्यक्रम होगा जिस पर अगले वित्तीय वर्ष के आरंभ से काम शुरू होगा। यह कार्यक्रम खेती की पैदावार बढ़ाने की योजनाओं से संबद्ध होगा और इसके अंतर्गत सिंचाई के छोटे साधनों का निर्माण और नवीकरण तथा पीने का पानी देने और योजक सड़कें बनाने जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था भी होगी। शिक्षित वर्ग की बेरोजगारी की समस्या पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मेरी सरकार का यह निश्चित मत है कि समतावादी सामाजिक व्यवस्था एवं अधिक से अधिक कृषि उत्पादन के लिए भूमि सुधार अत्यंत आवश्यक है। पिछले महीनों में मेरी सरकार ने भूमि सुधार से सम्बद्ध कई मसलों पर विशेष ध्यान दिया है। केन्द्रीय खाद्य एवं कृषि मंत्री की अध्यक्षता में एक केन्द्रीय भूमि सुधार समिति बनाई गई है; भारत सरकार के मार्गदर्शन के फलस्वरूप उन राज्यों ने भी जहां मध्यवर्ती पट्टेदारी अभी तक पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हो पाई थी उसे समाप्त करने के लिए कदम उठाये हैं। इसके अलावा कुछ राज्यों ने पट्टेदारी को सुरक्षित रखने, लगान की कमी और जोत की अधिकतम सीमा कम करने और छूट पर पाबंदी लगाने के बारे में कानून बनाए हैं।

भूमि सुधार का विषय राज्यों के विधायी अधिकार-क्षेत्र में आता है, फिर भी मेरी सरकार राज्य सरकारों से बराबर अनुरोध करती रहेगी कि वे ग्राम व्यवस्था को सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से अधिक न्यायसंगत बनाने के लिए आगे कार्रवाई करें। साथ ही सरकार शहरी संपत्ति की अधिकतम सीमा निर्धारित करने के उद्देश्य को पूरा करने में लगी रहेगी।

मेरी सरकार का एक महत्वपूर्ण ध्येय यह है कि पैदावार बढ़ाने के लिए ऋण की सुविधाएं उन इलाकों और वर्गों तक पहुंचाई जाएं जिनकी अब तक उपेक्षा की जाती रही है। हाल ही में एक व्यापक ऋण गारंटी योजना आरंभ की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के अधीन ऋण गारंटी निगम की स्थापना की गई है। यह निगम 1 अप्रैल 1971 के वाणिज्य एवं सहकारी बैंकों द्वारा दिए जाने वाले छोटे ऋणों पर लगभग 75 प्रतिशत तक की गारंटी दे सकेगा। पहले उत्पादक उद्योगों व खेतीबाड़ी को मुख्य रूप से साहूकारों पर निर्भर होना पड़ता था। अब बैंक इनकी वास्तविक आवश्यकताओं पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। यह निश्चय ही एक नया और महत्वपूर्ण परिवर्तन है जिसके द्वारा जन साधारण को बैंक राष्ट्रीयकरण के लाभ का प्रत्यक्ष अनुभव हुआ है।

सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली पहुंचाने के काम को, और विशेषकर सिंचाई के लिए बिजली के उपयोग को, विशेष महत्व देती है। ग्रामों में बिजली पहुंचाने के कार्यक्रमों में तेजी लाई गई है। इस पंचवर्षीय योजना के पहले वर्ष में 2.66 लाख पम्पिंग सैटों के लिए बिजली दी गई थी। चालू वर्ष में यह काम और तेजी से किया गया है। ग्राम बिजली निगम ने लगभग 70 करोड़ रुपये की योजनाएं स्वीकार कर अपने कार्य का शुभारंभ किया है। इस कार्य क्रम को भी और आगे बढ़ाया जाएगा।

मेरी सरकार को अच्छी तरह मालूम है कि शहरों में गरीब लोग कितनी बुरी हालत में रह रहे हैं। आर्थिक और सामाजिक सुधार की कार्यसूची में गंदी बस्तियों की सफाई और उनके सुधार को मुख्य स्थान दिया जाएगा, और इनके लिए सरकार अधिक से अधिक साधन जुटाने का प्रयत्न करेगी। हाल ही में आवास एवं नगर विकास वित्त निगम की स्थापना की गई है और इस के द्वारा बड़े-बड़े नगरों तथा शहरी इलाकों में आवास की सुविधाओं में वृद्धि हो सकेगी।

साथ ही गांवों में मकानों की स्थिति सुधारने पर भी और अधिक ध्यान दिया जायेगा। लक्ष्य यह होगा कि भूमिहीन कामगरों को अधिक संख्या में मकान बनाने की जमीन दी जा सके, आवास भूमि का अधिकार देने का कानून बनाया जाए और देहाती आबादी

के लिए अच्छी रहने योग्य मकानों का निर्माण करने में सहायता दी जाए। इस कार्यक्रम में निश्चय ही केन्द्रीय और राज्य सरकारों को मिलाकर भाग लेना होगा।

मेरी सरकार के कुछ अन्य प्रस्ताव इस प्रकार हैं :—

(क) उद्योगों के सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में विनियोग (इन्वैस्टमेंट) कार्यक्रमों पर तेजी के साथ अमल करने के रास्ते में आने वाली रुकावटों को दूर करने के लिए विशेष दस्ते नियुक्त किए जाएं और औद्योगिक उत्पादन की दर में वृद्धि की जाए ;

(ख) कृषि में नए तकनीकी ज्ञान का सूखी खेती, नई फसलों और नए क्षेत्रों तक विस्तार किया जाए जहां अभी तक वह नहीं पहुंच पाया है। रेशे और तिलहन जैसी बहुत खपत वाली वस्तुओं का तेजी से उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुसंधान और विस्तार कार्यक्रमों की गति को और बढ़ाया जाए;

(ग) मजदूर संघों के नेताओं और प्रबंधकों के परामर्श से स्वस्थ औद्योगिक संबंध विकसित किये जावें, जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ कामगरों को न्यायोचित व्यवहार भी मिले। उत्पादन की वृद्धि के लिए औद्योगिक संबंधों में सुधार उतना ही आवश्यक है जितना कि पूंजी और तकनीकी ज्ञान;

(घ) प्रशासनिक तंत्र के स्वरूप और संचालन में ऐसे परिवर्तन किए जाएं जिससे कि अधिकारों का वास्तविक प्रतिनिधान (डेलीगेशन) हो सके और निर्णय शीघ्र किया जा सकें; और

(ङ) सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के लिए सुव्यवस्थित प्रबंधक संवर्ग (मेनेजीरियल काडर) का निर्माण करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

भारत की अर्थ-व्यवस्था में 1969-70 में वृद्धि लगभग नियोजित दर से हुई है और चालू वर्ष में भी इसी प्रकार का की वृद्धि अनुमान है। आशा है कि गत तीन वर्षों की भांति इस वर्ष भी फ़सल अच्छी रहेगी और पैदावार पिछले वर्ष से 55 लाख टन अधिक होकर साढ़े-दस करोड़ टन तक पहुंच जाएगी। गेहूं के उत्पादन में हुई क्रांति सर्वविदित है। हमारे कृषि वैज्ञानिकों ने चावल की अधिक पैदावार देने वाली कई किस्में निकाली हैं। नए तकनीकी ज्ञान को किसानों तक हम जितने प्रभावकारी ढंग से पहुंचा पाते हैं उतना ही वह उसे अपनाते हैं।

तथापि, खाद्य स्थिति में जो सुधार हुआ है उससे हमें सिर्फ थोड़ी राहत ही मिली है। नई जनगणना के परिणाम गम्भीर चेतावनी देंगे कि हमें परिवार नियोजन कार्यक्रम को और अधिक शक्ति के साथ आगे बढ़ाना है। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए इसे एक आंदोलन का रूप देना होगा। यह अत्यंत आवश्यक है कि शीघ्र से शीघ्र छोटे परिवार के प्रति आस्था हमारा एक नया सामाजिक मानदंड बने। सच तो यह है कि सामाजिक परिवर्तन का जो महान् कार्य हमारे सामने है, उसमें प्रमुख स्थान परिवार नियोजन का होना चाहिए।

यद्यपि हमारी अर्थ-व्यवस्था का सामान्य स्वरूप आशाजनक है मेरी सरकार को इसका पूरा ज्ञान है कि पिछले महीनों में कीमतों के बढ़ने से कुछ चिन्ता उत्पन्न हुई है। थोक मूल्य का सूचक अंक प्रायः एक वर्ष पहले की अपेक्षा अब लगभग 3.4 प्रतिशत अधिक है। लेकिन कीमतों के इस प्रकार बढ़ते रहने पर भी अनाज की कीमतों में लगभग 6.5 प्रतिशत की कमी हुई है। इसलिए जिन चीजों की कमी है, उन्हें बड़ी मात्रा में बाहर से मंगवाकर सरकार ने मूल्य वृद्धि को रोकने की कोशिश की है और साथ ही देश में उसका उत्पादन बढ़ाने के लिए कदम उठाये हैं।

मेरी सरकार देश के विकास में विज्ञान और तकनीकी ज्ञान को व्यवहार में लाने के लिए एक राष्ट्रीय योजना बनाकर उस पर अमल करने का विचार रखती है। यह योजना मुख्य रूप से हमारी सामाजिक-आर्थिक योजना पर आधारित होगी और इस योजना की एक विशेषता यह होगी कि राष्ट्रीय प्रयास के कुछ ऊंची प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विस्तृत कार्यक्रम तैयार किए जायेंगे जिसमें विज्ञान और तकनीकी ज्ञान का प्रमुख रूप से उपयोग होगा।

सरकार ने इलैक्ट्रानिक्स उद्योग के संतुलित विकास के लिए एक इलैक्ट्रानिक्स कमीशन की स्थापना की है। यह कमीशन इलैक्ट्रानिक्स के क्षेत्र में अनुसंधान विकास और औद्योगिक कार्य से सम्बन्धित होगा।

मेरी सरकार को इस बात की चिन्ता है कि तीव्र आर्थिक विकास के फलस्वरूप वायु, जल और धरती दूषित न होने पाए। प्राकृतिक साधनों का प्रबंध विवेकपूर्ण ढंग से होना चाहिए और इस बात पर विशेष ध्यान देना चाहिए कि जीवन और परिस्थितियों का पारस्परिक संतुलन न बिगड़ने पाये।

देश के कुछ भागों में साम्प्रदायिक तनाव रहने और कभी-कभी हिंसात्मक उपद्रव होने से हमारी धर्म-निरपेक्षता, लोकतंत्र तथा सभ्य जीवन के आधारभूत मूल्यों के लिए खतरा पैदा होता है। सरकार इस खतरे पर काबू पाने के लिए कृतसंकल्प है। यह राष्ट्र के जीवन-मरण का प्रश्न है और इसलिए यह आवश्यक है कि इस समस्या के समाधान को राष्ट्रीय महत्व का कार्य माना जाये।

पिछले दिनों पश्चिमी बंगाल में हिंसा बढ़ी है। स्वतंत्रता संग्राम के हमारे एक वरिष्ठ व कर्मठ साथी श्री हेमन्त कुमार बसु तथा अन्य राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्या से हम सभी को आघात पहुंचा है। समाज विरोधी गुट प्रायः राजनीतिक ढोंग रचकर बदला लेने की भावना से काम करते हैं। फिर भी, पश्चिमी बंगाल में हाल के चुनावों के परिणामों से साफ पता चलता है कि लोगों ने लोकतंत्र में अपनी आस्था पुनः स्थापित की है।

मेरी सरकार का यह दृढ़ निश्चय है कि वह अव्यवस्था और 'हत्या तथा हिंसा की राजनीति' को समूल नष्ट करेगी। इसके साथ ही वह निजी और सरकारी विनियोग की सहायता से कलकत्ते के कायाकल्प करने के कार्यक्रम पर तेजी से काम करने का विचार रखती है। कलकत्ता महानगर विकास अधिकरण ने अपना कार्य आरम्भ कर दिया है। औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम भी शीघ्र स्थापित होने वाला है। पश्चिमी बंगाल में विकास के और भी कार्य आरम्भ किये जा रहे हैं।

पश्चिमी बंगाल भूमि सुधार (संशोधन) अधिनियम जुलाई, 1970 में पास किया गया था जिसके अनुसार, फसल में बरगादार का हिस्सा बढ़ा दिया गया है, और भूमि पर खेती करने और उस पर विरासत पाने का उसका अधिकार सुरक्षित कर दिया गया है। जोत की अधिकतम सीमा कम करने और परिवार को इकाई मानकर उसे नियत करने की दृष्टि से हाल ही में एक राष्ट्रपति अधिनियम बना दिया गया है।

आप जानते ही हैं कि सर्वोच्च न्यायालय के बहुमत निर्णय से भूतपूर्व रियासतों के राजाओं की मान्यता समाप्त करने के आदेश रद्द घोषित कर दिये गये हैं। फिर भी, राजाओं के प्रिवी पर्सों और उनके विशेषाधिकारों को समुचित संविधानिक उपायों द्वारा समाप्त करने के सरकार के निश्चय में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में कहीं आशा है कहीं निराशा। पश्चिमी और पूर्वी यूरोप के देशों के बीच तनाव में कमी हुई है। जर्मन संघ गणराज्य और सोवियत संघ तथा पोलेंड की सरकारों के बीच हुए समझौतों का हम स्वागत करते हैं। लेकिन दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया में स्थिति बिगड़ी है।

हिन्द-चीन में स्थिति और बिगड़ी है। कम्बोडिया और लाओस में युद्ध क्षेत्र बराबर बढ़ ही रहा है, जो शांति के हित में नहीं है। हमारा हमेशा यह अनुरोध रहा है कि सावधानी से काम लिया जाये। हमने इस बात पर जोर दिया है कि जनेवा समझौते के अंतर्गत शांतिपूर्ण तरीके से बातचीत के द्वारा ही समस्या का हल किया जाये। हमारा विश्वास है कि सबसे अच्छा हल यह होगा कि एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता हो, जिस पर संसार की बड़ी शक्तियां और इस क्षेत्र में दिलचस्पी रखने वाले दूसरे देश हस्ताक्षर करें?

पश्चिम एशिया में विराम-संधि के होते हुए भी बेचैनी है। संयुक्त अरब गणराज्य ने हाल ही में कुछ एक कदम उठाकर यह स्पष्ट किया है कि वह वास्तव में सुरक्षा परिषद् के 22 नवम्बर, 1967 के प्रस्ताव पर अमल करना चाहता है। मेरी सरकार को आशा है कि इस पर स्वीकारात्मक प्रतिक्रिया होगी।

हिन्द महासागर में विदेशी शक्तियों द्वारा सैनिक अड्डे बनाने और दक्षिण अफ्रीका को हथियारों की प्रस्तावित बिक्री से हमें चिन्ता हुई है। लुसाका घोषणा के अनुसार हम चाहते हैं कि हिन्द महासागर शांति का क्षेत्र बना रहे और सैनिक मुठभेड़ और बड़े राष्ट्रों की होड़ से बचा रहे।

हाल ही में इंडियन एयर लाइंस के विमान के अपहरण और बाद में उसे नष्ट कर देने के सम्बन्ध में पाकिस्तान सरकार के रवैये पर भारत सरकार और यहां की जनता में गहरा रोष था। इस प्रकार भड़काने वाली कार्यवाहियों से मित्रता और आपसी समझ-बूझ पैदा नहीं हो सकती, जो कि हम चाहते हैं।

मेरी सरकार अन्तर्राष्ट्रीय गुटबन्दी से अलग रहने की अपनी नीति पर अडिग रहेगी और उसका निर्भयता से पालन करेगी। जब कभी शांति को खतरा होगा, स्वतंत्र देशों की स्वाधीनता नष्ट होगी, और उपनिवेशवाद को उसके पुराने या नये रूप में लाने की कोशिश की जायेगी, मेरी सरकार आवाज उठायेगी।

आपका यह सत्र छोटी अवधि का होगा जिसमें आवश्यक वित्तीय और बजट सम्बन्धी कार्य ही निपटाए जायेंगे। आगे के कार्यक्रम के लिये आप कुछ समय बाद फिर एकत्रित होंगे। 1971-72 के वित्तीय वर्ष के लिए भारत सरकार की आमदनी और खर्च का ब्योरा आपके सामने रखा जायेगा। हिमाचल राज्य (संशोधन) अध्यादेश, 1971 तथा श्रम भविष्य निधि नियम (संशोधन) अध्यादेश, 1971 के स्थान में सरकार बिल प्रस्तुत करेगी। आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 को जारी रखने के लिए भी संसद् के इसी सत्र में बिल प्रस्तुत किया जायेगा।

माननीय सदस्यगण, भारत की जनता ने स्पष्ट शब्दों में अपना निर्णय दिया है। इस निर्णय के साथ ही राजनीतिक अनिश्चियता और दांवपेंच की राजनीति समाप्त होती है। चुनाव की सरगर्मी के बाद अब हमें अपने देशवासियों की सेवा में लग जाना चाहिए। हम सब को इस का गर्व है कि राजनीतिक लोकतंत्र और संसदीय संस्थाओं का विकास हुआ है। और उनकी जड़ें हमारे देशवासियों के दिलों और दिमागों में गहरी बैठ गई हैं। जनता की इच्छा का आदर करते हुए हमें लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाना चाहिए।

मेरी सरकार को जो भी भारी बहुमत मिला है, वह उस लंबी और कठिन यात्रा का पहला कदम है जिसे हमें तय करना है। गरीबी और सामाजिक अन्याय के विरुद्ध लड़ाई में विजय पाने के लिए हमारे लाखों करोड़ों देश वासियों को बड़ी लगन और निष्ठा के साथ परिश्रम करना होगा। मुझे विश्वास है कि संसद के सदस्यगण और भारत की जनता समय की चुनौतियों का सामना करने के लिये अपना पूर्ण सहयोग देगी।

**श्री राजनारायण** (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, हमारी इसमें संवैधानिक आपत्ति है। मैंने 17 तारीख को राष्ट्रपति महोदय को एक खत लिखा था और मैंने उनको निवेदन किया था।

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI OM MEHTA): What is he saying ?

**श्री राजनारायण** : जरा मुझको सुन लीजिये। मैंने उनको निवेदन किया था कि श्रीमती इन्दिरा गांधी वोट की चोर हैं। वोट की चोरी की है। वोट चोर को प्रधान मंत्री की शपथ न दिलाई जाय। हमारे खत का उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। तो मैं कहना चाहता हूं कि राष्ट्रपति ने ऐसी सरकार के द्वारा बनाया गया सम्बोधन भाषण जो कि वोट चोर है जो दिया वह इस सदन में सदन के पटल पर नहीं रखा जाना चाहिए।

MR. CHAIRMAN: I rule it out of order . . .

**श्री राजनारायण** : आप वोट चोर को प्रधान मंत्री . . .

**श्री सभापति** : . . . प्रेसिडेंट ने अपना एड्रेस दे दिया। कानून कहता है कि वह इस टेबिल पर रखा जायेगा और वह रखा गया।

**श्री राजनारायण** : आपके कहने का मतलब है कि हमको वहीं ज्यादा अपोज करना चाहिए था।

SHRI JOACHIM ALVA (Nominated): You are a disgrace to the Parliament.